PT4/ANNUAL EXAMINATION, 2024-25

HINDI

Time – 3 hrs. **Class – VII** **M.M. – 80**

Date - 15.02.2025 (Saturday)

Name of the student _____ *Section* _____

निर्देश-

1. इस प्रश्न-पत्र में चार खण्ड हैं - अ, ब, स और द।
2. सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखें।
4. शुद्धता और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए लेखन कार्य करें |
5. बहुविकल्पीय प्रश्न का उत्तर सही विकल्प सहित पूर्णतः लिखना अनिवार्य है |

खंड-अ (अपठित बोध)

प्र.1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1x4=4)

मनुष्य के जीवन में संतोष का महत्वपूर्ण स्थान है। संतोषी मनुष्य सुखी रहता है। असंतोष हर बीमारी की जड़ है। कबीर ने कहा है कि रुपये-पैसे से कभी संतोष नहीं मिलता है। संतोष रूपी दौलत मिलने पर समस्त वैभव धूल के समान प्रतीत होता है। मनुष्य जितना रुपया पाता जाता है, उतना ही असंतोष पैदा होता जाता है। यह असंतोष मानसिक तनाव उत्पन्न करता है, जो अनेक रोगों की जड़ है। रुपया-पैसा मनुष्य को समस्याओं में उलझा देता है। संत को संतोषी बताया गया है, क्योंकि केवल भोजन की प्राप्ति से उसे संतोष मिल जाता है। हमें संत जैसा होना चाहिए और अपनी इच्छाओं को सीमित रखना चाहिए। जब इच्छाएँ हम पर हावी हो जाती हैं तो हमारा मन सदा असंतुष्ट रहता है। हमें कभी सांसारिक चीज़ें संतोष नहीं दे सकती हैं। संतोष का संबंध मन से है। संतोष सबसे बड़ी दौलत है। इसके सामने रूपया-पैसा एवं सोना-चाँदी सब कुछ बेकार है।

(i) हम पर जब इच्छाएँ हावी हो जाती हैं तब क्या होता है?

(क) मन संसार में रम जाता है। (ख) मन सदा असंतुष्ट रहता है।

(ग) मन में ख़ुशी होती है। (घ) मन सदैव चंचल रहता है।

(ii) हर बीमारी की जड़ क्या है?

(क) असंतोष (ख) संतोष (ग) संसार (घ) समस्या

(iii) संतोष रूपी दौलत मिलने से क्या होता है?

(क) मन में संतुष्टि आ जाती है। (ख) जीवन में खुशियाँ आ जाती हैं।

(ग) दौलत की इच्छा बढ़ जाती है। (घ) वैभव धूल के समान लगता है।

(iv) संतोष का संबंध किससे है?

(क) संसार से (ख) दौलत से (ग) मन से (घ) चीज़ों से

प्र.2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1x4=4)

सूरज एक नटखट बालक-सा,
दिन भर शोर मचाए।
इधर-उधर चिड़ियों को बिखेरे,
किरणों को छितराए।
कलम, दराँती, बुरुश, हथौड़ा,
जगह-जगह फैलाए।
शाम थकी-हारी माँ-जैसी,
एक दीया जलाए।
धीरे-धीरे सारी बिखरी,
चीज़ें चुनती जाए।

(i) सूरज की तुलना किससे की गई है?
(क) नटखट बालक से (ख) युवक से (ग) चिड़ियों से (घ) किरणों से

(ii) नटखट सूरज दिन भर क्या करता है?
(क) शांत बैठता है (ख) दिन भर शोर मचाता है (ग) पढ़ाई करता है (घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) शाम किसका प्रतीक है?
(क) चंचल महिला (ख) कलम (ग) हथौड़ा (घ) थकी-हारी माँ

(iv) शाम होने पर क्या जलता है?
(क) दीपक (ख) मोमबत्ती (ग) सूरज (घ) पटाखे

खंड-'ब' (पठित बोध)

प्र.3. निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

बचपन मुश्किलों से भरा रहा। हम बहुत गरीब थे। मेरे दोनों बड़े भाई हॉकी खेलते थे। उन्हीं के चलते मुझे भी उसका शौक हुआ। पर, हॉकी-स्टिक खरीदने तक की हैसियत नहीं थी मेरी। इसलिए अपने साथियों की स्टिक उधार माँगकर काम चलाता था। वह मुझे तभी मिलती, जब वे खेल चुके होते थे। इसके लिए बहुत धीरज के साथ अपनी बारी का इंतज़ार करना पड़ता था। मुझे अपनी पहली स्टिक तब मिली, जब मेरे बड़े भाई को भारतीय कैंप के लिए चुन लिया गया। उसने मुझे अपनी पुरानी स्टिक दे दी। वह नयी तो नहीं थी लेकिन मेरे लिए बहुत कीमती थी, क्योंकि वह मेरी अपनी थी।

(i) पाठ का नाम लिखते हुए बताइए कि धनराज को हॉकी खेलने का शौक कैसे हुआ? **(2)**

(ii) धनराज अपने खेल का अभ्यास कैसे करते थे? **(2)**

प्र.4 निम्नलिखित दोहों को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

तरुवर फल नहिं खात है, सरवर पियत न पान।
कहि रहीम परकाज हित, संपति-सचहिं सुजान।।

थोथे बादर क्वार के, ज्यौं रहीम घहरात।
धनी पुरुष निर्धन भए, करैं पाछिली बात।।

(i) वृक्ष, सरोवर और सज्जन परोपकार के लिए क्या करते हैं? (2)

(ii) यदि धनी पुरुष निर्धन हो जाए तो वह क्या करता है? (2)

प्र.5 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए । (1x8=8)

(i) 'एक तिनका' पाठ के कवि कौन हैं?

(क) शिवमंगल सिंह 'सुमन' (ख) भवानी प्रसाद मिश्र

(ग) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (घ) भगवती प्रसाद वाजपेयी

(ii) ऐंठ को दूर करने के लिए क्या काफ़ी है?

(क) ताना (ख) तिनका (ग) धमकी (घ) लाठी

(iii) 'खानपान की बदलती तसवीर'- पाठ किस विधा पर आधारित है?

(क) निबंध (ख) जीवनी (ग) कहानी (घ) नाटक

(iv) स्थानीय व्यंजनों को किसके चलते छोड़ दिया गया है?

(क) परंपरा के (ख) अर्थाभाव के (ग) तथाकथित आधुनिकता के (घ) सभी के

(v) **चिड़ीमार दो मोर के बच्चों को कहाँ से पकड़कर लाया था?**

(क) नारायणगढ़ से (ख) शंकरगढ़ (ग) रामगढ़ से (घ) रायगढ़ से

(vi) मीरा को किसके आने की भनक मिली?

(क) ग्वाल-बालों के आने की (ख) गोपियों के आने की

(ग) श्रीकृष्ण के आने की (घ) माँ यशोदा के आने की

(vii) मंगल पांडे ने अंग्रेज़ों के विरुद्ध कहाँ बगावत किया था?

(क) दानापुर (ख) कानपुर (ग) आज़मगढ़ (घ) बैरकपुर

(viii) गांधी जी क्या बना रहे थे?

(क) अंग्रेज़ों के विरुद्ध योजनाएँ (ख) आश्रम

(ग) अहमदाबाद के आश्रम का होने वाला खर्च का ब्यौरा (घ) उपर्युक्त सभी

प्र.6 निम्नलिखित प्रश्नों में से **<u>किन्हीं पाँच प्रश्नों</u>** के उत्तर लिखिए । (2x5=10)

(क) आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई?

(ख) खानपान के मामले में स्थानीयता का क्या अर्थ है?

(ग) मोर-मोरनी के नाम किस आधार पर रखे गए?

(घ) सावन वर्षा ऋतु का महीना है, वर्षा ऋतु से संबंधित दो अन्य महीनों के नाम लिखिए।

(ङ) कुँवर सिंह को बचपन में किन कामों में मज़ा आता था?

(च) मीरा को सावन मनभावन क्यों लगने लगा?

(छ) गांधी जी पेशेवर कारीगरों के उपयोग में आनेवाले औज़ार- छेनी, हथौड़े, बसूले इत्यादि क्यों खरीदना चाहते होंगे?

प्र.7. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> के उत्तर विस्तार से लिखिए । (3x2=6)

(क) हमें सुबह जल्दी क्यों उठना चाहिए? जल्दी उठने के क्या फायदे हैं? सोच-विचारकर अपने शब्दों में उत्तर लिखिए।

(ख) नीलकंठ पाठ से हमें क्या संदेश मिलता है? अपने शब्दों में लिखिए।

(ग) वीर कुँवर सिंह के व्यक्तित्व की कौन-कौन सी विशेषताओं ने आपको प्रभावित किया?

प्र.8. बाल महाभारत पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। (1x4=4)

(i) अज्ञातवास के दौरान युधिष्ठिर किस नाम से रहने लगे?

(अ) वल्लभ (ब) कंक (स) ग्रंथिक (द) इनमें से कोई नहीं

(ii) अभिमन्यु के पुत्र का नाम क्या था?

(अ) परीक्षित (ब) सुमन (स) रक्षित (द) इनमें से कोई नहीं

(iii) महाभारत युद्ध में चक्रव्यूह की रचना किसने की?

(अ) कृपाचार्य ने (ब) आचार्य द्रोण ने (स) अश्वत्थामा ने (द) कर्ण ने

(iv) कुरुक्षेत्र के मैदान का आँखों देखा हाल धृतराष्ट्र को कौन सुनाता था?

(अ) शूरसेन (ब) कंक (स) विदुर (द) संजय

खंड-'स' व्याकरण खंड

प्र.9. निर्देशानुसार पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(क) निम्नलिखित वाक्यों के काल पहचानकर लिखिए। (1x2=2)

(i) माता जी पूजा कर रही हैं।

(ii) तुलसीदास ने रामचरितमानस लिखा था।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में क्रियाविशेषण के भेद पहचानकर लिखिए। (1x2=2)

(i) वह मुझे आज मिली थी।

(ii) इतनी तेज़ी से मत चलो।

(ग) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित संबंधबोधकों से कीजिए। (1x2=2)

(i) बच्चे माता जी .....मेला घूमने गए हैं।

(ii) मेरे घर .....एक बरगद का पेड़ है।

(घ) निम्नलिखित समुच्चयबोधकों को अपने वाक्यों में प्रयुक्त कीजिए। (1x2=2)

(i) परंतु (ii) अतः

(ङ) निम्नलिखित भावों को व्यक्त करने वाले विस्मयादिबोधक शब्दों से एक-एक वाक्य बनाइए। (1x2=2)

(i) विस्मय या आश्चर्यसूचक

(ii) प्रशंसासूचक

(च) सही निपात द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (1x2=2)

(i) तुम को .....यह काम करना होगा।

(ii) यह बस हमें स्टेशन .....छोड़ देगी।

प्र.10. निम्नलिखित वाक्यों में से प्रधान उपवाक्य तथा आश्रित उपवाक्य अलग कीजिए। (1x3=3)

(i) वह लड़की जो इस मकान में रहती थी, न जाने कहाँ चली गई?

(ii) मैं चाहता हूँ कि एक सफल वैज्ञानिक बनूँ।

(iii) वे लोग आज नहीं आए जिन्हें नौकरी चाहिए।

प्र.11. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(i) निम्नलिखित वाक्यों के रिक्त स्थानों को उपयुक्त मुहावरों से पूरा कीजिए। **(1x2=2)**

(क) कविवर बिहारी ने अपने दोहों में .....भर दिया है।

(ख) मोहन लाल ने यह धन-संपत्ति अपना .....इकट्ठी की है।

(ii) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए। **(1x2=2)**

वाक्यांश

(क) जिसके मन में कोई कपट न हो .....

(ख) किसी की शरण में आया हुआ .....

(iii) कौन-सा शब्द दिए गए शब्दों का अनेकार्थी शब्द नहीं है? **(1x2=2)**

(क) दंड- सज़ा, डंडा, जुरमाना, संख्या

(ख) प्रकृति - प्रकार, स्वभाव, कुदरत, माया

खंड- 'द' रचनात्मक लेखन

प्र.12. जन्मदिन पर मित्र द्वारा भेजे गए उपहार के लिए उसका आभार प्रकट करते हुए पत्र लिखिए। **(5)**

अथवा

पुस्तकालय में हिंदी के प्रसिद्ध लेखकों की पुस्तकें मँगवाने के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

प्र.13. निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक</u> पर 50-80 शब्दों में संवाद लिखिए। **(5)**

(क) समय के सदुपयोग के संबंध में बड़े भाई रमेश द्वारा अपनी छोटी बहन मृदुला से बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

(ख) परीक्षा देकर लौट रहे दो छात्रों के मध्य बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

(ग) पोस्ट ऑफ़िस में गौरव और बाबू के बीच संवाद लिखिए।

(**निर्देश** - गौरव के पिताजी उसे एक पत्र स्पीड पोस्ट करने के लिए पोस्ट ऑफ़िस भेजते हैं। गौरव पोस्ट ऑफ़िस में जाकर बातचीत करता है।)

प्र.14. निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक</u> पर लगभग 80 -100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। **(5)**

(क) मेरा देश / हमारा प्यारा देश

(ख) प्लास्टिक की दुनिया

(ग) पर उपदेश कुशल बहुतेरे